लोक सभा सचिवालय

कमरा संख्या 521

टेलीग्राम: लोक सभा, नई दिल्ली
फैक्स: 23010756

संसदीय सौध
नई दिल्ली-110001

फाइल सं.-आरबी019/41/2022-आर.बी. **02 मई, 2022**

कार्यालय ज्ञापन

विषय: लोक सभा सचिवालय की संसद सुरक्षा सेवा (पीएसएस) के तकनीकी स्कंध में विभिन्न ग्रेडों में प्रतिनियुक्ति आधार पर रिक्तियों को भरना।

अधोहस्ताक्षरी को यह बताने का निदेश दिया गया है कि लोक सभा सचिवालय द्वारा निम्न शर्तों को पूरा करने वाले अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के ऐसे नियमित कर्मचारियों जो भारत के नागरिक हैं और केन्द्रीय/राज्य पुलिस संगठनों/कैबिनेट सचिवालय/इंटेलिजेंस ब्यूरो में कार्यरत हैं, में से चयन के माध्यम से **प्रतिनियुक्ति आधार** पर लोक सभा सचिवालय में निम्नलिखित ग्रेडों में रिक्तियों को भरने का प्रस्ताव है:-

क्र.सं.	**ग्रेड/पद**	**रिक्तियों की संख्या**	**अ.जा.**	**अ.ज.जा.**	**पात्रता संबंधी अनिवार्य शर्तें और तकनीकी अनुभव**
1.	सुरक्षा अधिकारी (तकनीकी) (पे-मैट्रिक्स का स्तर 10 [56100-177500 रुपए]	03	02	01	अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता और पात्रता संबंधी शर्तें किसी भी विषय में स्नातक डिग्री पे मैट्रिक्स के स्तर 10 में कार्यरत अधिकारी (अथवा) ऐसे अधिकारी जो पे-मैट्रिक्स के स्तर-7 में कार्यरत हैं और इस स्तर में 5 वर्ष सेवा कर चुके हैं। (अथवा) ऐसे अधिकारी जो पे-मैट्रिक्स के स्तर-7 तथा

					स्तर-6 में संयुक्त रूप से 10 वर्षों की सेवा कर चुके हैं। आवश्यक अनुभव कम्प्यूटर/माइक्रोप्रोसेसर आधारित पहुंच नियंत्रण प्रणाली/सीसीटीवी प्रणाली / अंतर्ध्वंस-रोधी उपकरण, यूएनआईएक्स/एआईएक्स, आधारित वाइड एरिया नेटवर्क अनुभव और विजुअल बेसिक एवं क्रिस्टल रिपोर्ट्स वाले मेन फ्रेम सर्वर के संचालन का ज्ञान/अनुभव । उक्त पद के दायित्व: (एक) हाई वाल्यूम वाइड एरिया नेटवर्क, सिक्योरिटी रोल्स, विंडोज सर्वर की दैनंदिन देखरेख, संसाधनों की आईबीएम सर्वर की निगरानी, बैकअप स्ट्रेटेजी, डिसास्टर रिकवरी, आदि । (दो) बैकअप कार्यक्रमों की समय सारणी निर्धारित करने हेतु नियमित बैकअप लेना (ग्रैंड फादर- फादर- सन स्कीम) क्रियेट और एडमिनिस्टर करना इत्यादि । (तीन) एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर को अद्यतन करना, एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को इंस्टाल करना, डाटाबेस संचालन आदि।
2.	सहायक सुरक्षा अधिकारी (तकनीकी) पे मैट्रिक्स का स्तर-8 (47600-151100 रुपए)	06	04	02	पात्रता संबंधी अनिवार्य शर्तें एक. (क) समकक्ष पदों पर कार्यरत अधिकारी (अथवा) ऐसे अधिकारी जो पे-मैट्रिक्स के स्तर 7 में कार्यरत हैं और इस स्तर में 5 वर्ष सेवा कर चुके हैं। दो. माइक्रोप्रोसेसर आधारित पहुंच नियंत्रण प्रणाली/सीसीटीवी प्रणाली / अंतर्ध्वंस-रोधी उपकरण/ कम्प्यूटर नियंत्रित रेडियो संचार प्रणाली/ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/ एलएएन/ डब्ल्यूएएन परिदृश्य में लिनेक्स/ विंडोज

					एनटी/नोवेल और आरडीबीएमएस जैसी अद्यतन कम्प्यूटर प्रचालन प्रणाली के संस्थापन/रख-रखाव में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव।

2. **उक्त पदों/ग्रेडों के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है।** आयु, शैक्षिक अर्हताओं एवं अनुभव की गणना 15 जून, 2022 की स्थिति के अनुसार की जाएगी।

3. प्रतिनियुक्ति की आरंभिक अवधि दो वर्ष होगी, जिसे एक बार में एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा और इसे 7 वर्ष की अधिकतम अवधि तक बढ़ाया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति के अन्य निबंधन एवं शर्तें लोक सभा सचिवालय द्वारा दिनांक 04.02.2011 के आरएंडसीएस आदेश सं. एमआईएससी. 87/2011 के द्वारा अंगीकृत कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन सं. 6/8/2009- स्था. (पे-II) में अंतर्विष्ट अनुदेशों के अनुसार होंगी।

4. पदधारक को इस सचिवालय में प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान लोक सभा सचिवालय पूल से आवास की कोई सुविधा नहीं दी जायेगी।

5. सभी पात्र अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार में जो अभ्यर्थी 40 प्रतिशत न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करेंगे, उनमें से रिक्तियों की उपलब्धता के अध्यधीन व्यक्तिगत साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

6. पात्र अभ्यर्थियों के आवेदनों को ***अनुबंध*** में दिए निर्धारित प्रारूप में अग्रेषित किया जाए। आवदेन के साथ आवेदक की विगत 05 वर्षों की सेवा की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट, सर्तकता अनापत्ति एवं सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र एवं अनुभव प्रमाण-पत्र की पूर्ण एवं अद्यतन सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न की जाएं। आवेदन **भर्ती शाखा, लोक सभा सचिवालय, कमरा सं0 521, संसदीय सौध, नई दिल्ली-110001** को **15 जून, 2022** तक भेज दिए जाने चाहिए। चयनित आवेदकों को बाद में अपना आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. ए.सी.आर/ए.पी.ए.आर रहित आवेदनों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यदि किसी भी चरण में वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिर्पोट (सेवा के विनिर्दिष्ट वर्षों के लिए) में किसी प्रकार की प्रतिकूल प्रविष्टि पाई जाती है तो अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

8. ऐसे आवेदन, जो पठनीय नहीं हैं और इस कार्यालय ज्ञापन में विहित अनुदेशों के अनुरूप नहीं हैं अथवा निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त हुए हैं, को तत्काल अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 15 जून, 2022 है।**

9. किसी भी तरह की संयाचना किए जाने पर किसी भी चरण में आवेदन और अभ्यर्थिता तत्काल रद्द कर दी जाएगी।

10. आवेदक द्वारा भरे गए सभी विवरण (आवासीय पते के सिवाय) अंतिम समझे जायेंगे और बाद में उनमें किसी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

11. रिक्तियों की निर्धारित संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

12. लोक सभा सचिवालय को बिना पूर्व सूचना दिए और बिना कोई कारण बताये किसी भी चरण में उक्त पदों की रिक्तियों को भरने के कार्यक्रम को रद्द करने का अधिकार होगा।

13. **व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार:** लोक सभा सचिवालय को आवेदकों द्वारा आवेदनों में दी गई जानकारियों के आधार पर व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले आवेदकों की संख्या को निर्धारित करने का अधिकार होगा।

15. इस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में सभी मामलों और विवादों के निपटान और उन पर निर्णय लेने का अधिकार नई दिल्ली स्थित माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय को होगा।

उप सचिव

23034521/5564

प्रेषिती

केंद्रीय/राज्य पुलिस संगठन/मंत्रिमंडल सचिवालय/आसूचना ब्यूरो

(इस अनुरोध के साथ कि वे अपने कर्मचारियों का ध्यान इस ज्ञापन की ओर दिलाएं ।)

अनुबंध

भारत की संसद
(भर्ती शाखा, लोक सभा सचिवालय)
आवेदन-प्रारूप

अनुक्रमांक

(भर्ती शाखा द्वारा भरा जाना है)

[--------------------- (तकनीकी) के पद हेतु]

हाल का अनुप्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ लगाएँ

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :---
2. पिता/पति का नाम :---
3. माता का नाम :---
4. राष्ट्रीयता :---
5. पता :---

(क) पत्र–व्यवहार हेतु --
:---

(ख) स्थायी पता :--
----

6. वर्तमान कार्यालयी पता :--

दूरभाष/मोबाईल सं0-----------------------------------

ई-मेल---

7. (क) जन्म तिथि --

(ख) 15.06.2022 को आयु ------(वर्ष)-----------(माह)---------(दिन)

8. सेवानिवृत्ति की तिथि : -------------------(माह)----------------(वर्ष)

9. श्रेणी (अ.जा./अ.ज.जा) ---

10. सेवा का विवरण (यदि आवश्यक हो तो कृपया पृथक पत्र संलग्न करें)

क्र.सं.	संगठन का नाम	धारित पद	वेतनमान #		सेवा अवधि (से-तक)	सेवा की अवधि	नियमित है अथवा नहीं	किए गए कार्यों की प्रकृति
			संशोधन पूर्व	संशोधित				
(एक)	(दो)	(तीन)	(चार)	(पांच)	(छह)	(सात)	(आठ)	(नौ)

#01.01.2017 से पूर्व अथवा उसके पश्चात संशोधित/पुनर्गठित वेतनमान का विवरण

वर्तमान - मूल वेतन : रु. ------------ ग्रेड-पे : -------- पे-मैट्रिक्स का स्तर : ------

11. शैक्षणिक योग्यताएँ (व्यावसायिक/तकनीकी योग्यताओं सहित, यदि कोई हों):
(यदि आवश्यक हो तो कृपया पृथक पत्र संलग्न करें)

क्रम सं.	उत्तीर्ण परीक्षा	संस्थान/ विश्वविद्यालय	अध्ययन किए गए विषय	उत्तीर्ण करने का वर्ष	अंक प्रतिशतता

12. कोई अन्य संगत जानकारी: (यदि आवश्यक हो तो कृपया पृथक पत्र संलग्न करें) -------
----

----

13. घोषणा :

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मैं दिनांक 02.05.2022 के का.ज्ञा.सं. आरबी 019/41/2022-आर.बी में निर्धारित पात्रता संबंधी शर्तों को पूरा करता/करती हूं तथा इस आवेदन-पत्र में दिया गया सम्पूर्ण विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। मैं यह समझता/समझती हूं कि यदि किसी भी चरण में कोई भी सूचना झूठी या गलत पाई गई या का.ज्ञा. में उल्लेख की गई अपेक्षाओं के अनुरूप मैं पात्रता की शर्तें पूरी नहीं करता/करती हूं तो मेरी अभ्यर्थिता नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान:
तारीख:

सर्तकता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र
(आवेदक के कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाना है)

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत विवरण सही है। उसके पास अपेक्षित तकनीकी अनुभव है तथा इसका प्रमाणीकरण संलग्न प्रपत्र में किया गया है।
2. यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक/सर्तकता संबंधी मामला लंबित नहीं है तथा उसे सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिया जाता है।
3. उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।
4. यह प्रमाणित किया जाता है कि विगत दस वर्षों के दौरान आवेदक पर कोई छोटा/बड़ा दंड नहीं लगाया गया है।
5. विगत 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट की प्रतियां संलग्न हैं।
6. यह प्रमाणित किया जाता है कि चयन हो जाने की स्थिति में अधिकारी को तत्काल प्रभाव से उसके कार्यभार से मुक्त कर दिया जाएगा और उसे अभ्यर्थिता वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

अग्रेषित करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम:---------------------------------------
पदनाम:------------------------------------

टिप्पणी:

वे आवेदन-पत्र जिनके साथ विगत पांच वर्षों (यदि अभ्यर्थी की वास्तविक सेवा की अवधि पांच वर्ष से कम है तो उसकी वास्तविक सेवा के वर्षों की संख्या) की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों/वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र तथा अनुभव प्रमाण-पत्र (संलग्न प्रपत्र) की पूर्ण और अद्यतन सत्यापित प्रतियां संलग्न न होने की स्थिति में ऐसे आवेदन-पत्रों को तत्काल अस्वीकार कर दिया जायेगा और इस संबंध में किसी प्रकार के पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रपत्र

अनुभव प्रमाण-पत्र

[सुरक्षा अधिकारी (तकनीकी)   के पद के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा]

यह प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री/श्रीमती/श्री------------ (अभ्यर्थी का नाम)-----------------------पदनाम-------------------------- इस-----------(संगठन का नाम)---------------- में कार्यरत हैं।

2. ----------- में उनकी सेवा के दौरान उन्होंने निम्नलिखित का ज्ञान/तकनीकी अनुभव प्राप्त किया है : --

कार्य – क्षेत्र	हां *	नहीं *
(एक) कम्प्यूटर माइक्रोप्रोसेसर आधारित एक्सेस नियंत्रण प्रणाली		
(दो) सीसीटीवी प्रणाली		
(तीन) अंतर्ध्वंस-रोधी उपकरण, वाइड एरिया नेटवर्क अनुभव सहित यूनिक्स/एआईएक्स आधारित मेन फ्रेम सर्वर का संचालन और विजुअल बेसिक तथा क्रिस्टल रिपोर्ट्स		

कृपया प्रत्येक कार्य – क्षेत्र के समक्ष उपयुक्त कॉलम में ‘हां’ अथवा ‘नहीं’ (जैसी भी स्थिति हो) लिखें।

स्थान:
तिथि:

(जारी करने वाले सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर)
नाम:--
पदनाम:---
कार्यालय का नाम, पता तथा आधिकारिक मुहर:-------------------------------------

---

प्रपत्र

अनुभव प्रमाण-पत्र

[सहायक सुरक्षा अधिकारी (तकनीकी)के पद के लिए आवेदन करने वाले आवेदक द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा]

******

प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री/श्रीमती/श्री------(अभ्यर्थी का नाम)-------------------------पदनाम-------------------------- इस-----------(संगठन का नाम)---------------- में कार्यरत हैं।

2. ----------- में उनकी सेवा के दौरान उन्होंने निम्नलिखित के संस्थापन/रख-रखाव में -------- वर्षों (15.06.2022 की स्थिति के अनुसार) तकनीकी अनुभव प्राप्त किया है : --

कार्य – क्षेत्र	हां *	नहीं *
(एक माइक्रोप्रोसेसर आधारित एक्सेस नियंत्रण प्रणाली		
(दो) सीसीटीवी प्रणाली		
(तीन) अंतर्ध्वंस-रोधी उपकरण		
(चार) कम्प्यूटर नियंत्रित रेडियो संचार प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण		
(पाँच) लोकल एरिया नेटवर्क/वाइड एरिया नेटवर्क के परिदृश्य में लिनेक्स/विंडोज़/एनटी / नोवेल एवं आरडीबीएमएस जैसी अद्यतन संचालन प्रणाली का अनुभव		

[*] कृपया प्रत्येक कार्य – क्षेत्र के समक्ष उपयुक्त कॉलम में ‘हां’ अथवा ‘नहीं’ (जैसी भी स्थिति हो) लिखें।

स्थान:
तारीख:

(जारी करने वाले सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर)
नाम:--
पदनाम:---
कार्यालय का नाम, पता तथा आधिकारिक मुहर:------------------------------------